आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 07.12.2024 **समय: 2.10 PM**

नर्मदापुरम रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नर्मदापुरम में 6वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र को औद्योगिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम क्षेत्र में कृषि उत्पादन और खाद्य प्र–संस्करण के साथ अन्य सेक्टर में भी अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन निवेश और विकास के अवसरों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मंच प्रदान करेगा। कॉन्क्लेव में 3 हजार एमएसएमई प्रतिनिधि, 75 प्रमुख निवेशक, और कनाडा, वियतनाम, नीदरलैंड, मेक्सिको और मलेशिया जैसे 5 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि हिस्सा ले रहें है। 'नए क्षितिज, नई संभावनाएँ' थीम के अंतर्गत इस कार्यक्रम में कृषि, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, नवकरणीय ऊर्जा, पर्यटन और वस्त्र जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। कॉन्क्लेव में स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

सुशासन सप्ताह

सुशासन सप्ताह के अंर्तगत 19 दिसंबर से राष्ट्रव्यापी अभियान 'प्रशासन गांव की ओर' शुरू किया जाएगा। यह कार्यक्रम 24 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें देशभर के प्रत्येक जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अभियान में 700 से अधिक जिला अधिकारी भाग लेंगे और अधिकारी तहसीलों तथा पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे। यह तीसरी बार है, जब सरकार जनता की शिकायतों को दूर करने और सेवा प्रदान करने में सुधार के लिए तहसील स्तर पर एक राष्ट्रीय अभियान चला रही है। प्रशासन गांव की ओर अभियान सुशासन के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन होगा, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

पर्यटन निगम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सतपुड़ा की पहाड़ियों में बसे हमारे पचमढ़ी में हिमालय और स्विटजरलैण्ड के समान खुशनुमा वातावरण है। पचमढ़ी आकर मन आनंद से भर जाता है। पचमढ़ी में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की होटल के शुभारंभ के मौके पर निगम के अध्यक्ष के रूप में अपने पूर्व के कार्यकाल और वर्तमान अनुभव सांझा करते हुए डॉ. यादव ने

कहा कि सभी के प्रयासों से मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है।

लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन के लिये प्रदेश में 25 नवम्बर से चलाये जा रहे "हम होंगे कामयाब" अभियान के तहत 10 दिसम्बर को भोपाल में जागरूकता दौड़ का आयोजन किया जायेगा। जागरूकता दौड़ में पुलिस विभाग सहित प्रदेश के अन्य विभागों के अधिकारी, स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी एवं एनजीओ के लगभग 1500 प्रतिभागी भाग लेंगे। जागरूकता दौड़ का शुभारंभ महापौर श्रीमती मालती राय करेंगी। बोट क्लब पर होने वाली इस दौड़ का समापन पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा किया जायेगा। वहीं नर्मदापुरम में जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन कार्यक्रम शासकीय कन्या शाला जुमेरती में आयोजित किया गया। इसमें लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम पॉस्को एक्ट के सम्बंध में जानकारी दी गई।

राजनाथ–सेना झंडा दिवस

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, वीरता, धैर्य और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और योगदान को स्मरण करने का दिन है। 7 दिसंबर 1949 से ही देश सशस्त्र सेना झंडा दिवस मना रहा है।

समाचार संक्षेप में...

- आगरमालवा जिले की 20 पंचायतों के पर्यवेक्षक एवं आंगनवाडी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय, प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार में कल सम्पन्न हुआ।
- नगर पालिक निगम खंडवा में अमृत मित्र के रूप में स्व सहायता समूह की महिलाओं की नियुक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
- दमोह कलेक्टर ने जनपद पंचायत हटा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित इंद्रपाल पटेल को अध्यक्ष पद से पदच्युत दिया है।
- 100वें विश्व संगीत समागम तानसेन समारोह के उपलक्ष में शिवपुरी में संगोष्ठी एवं गायन कार्यक्रम आज शाम आयोजित किया जाएगा।

....